प्रादेशिक समाचार
03.05.2025 (दोपहर–1455 बजे)

मुंबई में आयोजित वेव्स 2025 के तीसरे दिन आज सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन भारत की लाइव इवेंट अर्थव्यवस्था एक रणनीतिक विकास अनिवार्यता शीर्षक से अपनी तरह का पहला श्वेत पत्र जारी करेंगे। इस अवसर पर मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र 2024–25 पर सांख्यिकीय पुस्तिका भी जारी की जाएगी। इससे पहले सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि भारत मीडिया और इंटरटेनमेंट में ग्लोबल लीडरशिप लेने की ताकत रखता है।

*******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रांची के खेलगांव परिसर में आयोजित कार्यक्रम में राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना अंतर्गत अधिवक्ताओं और उनके आश्रितों के लिए मुख्यमंत्री अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अधिवक्ताओं के हित के लिए प्रतिबद्ध और प्रयासरत है।

*******************

पांच से 18 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार–2025 के लिए नामांकन अब इस वर्ष 31 जुलाई तक कराये जा सकते हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार राष्ट्रीय स्तर का प्रतिष्ठित पुरस्कार है जो बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार उन बच्चों को दिया जाता है जिन्होंने बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला और संस्कृति, और विज्ञान प्रौद्योगिकी सहित श्रेणियों में उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है।

*******************

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी–एनटीए द्वारा कल देश की सबसे बड़ी मेडिकल परीक्षा नीट यूजी का आयोजन किया जायेगा। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। झारखंड के 22 शहरों में भी परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। राजधानी रांची में कुल 22 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं, जहां कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है।

*******************

केंद्र सरकार की पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना के तहत चतरा जिले के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के 400 घरों को पीएम सूर्य घर बिजली योजना के जरिए रौशन करने का कार्य किया जायेगा।

*******************

बिहार के राजगीर में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में कबड्डी प्रतियोगिता के लिए झारखंड के बिपिन कुमार सिंह को जूरी और नवनीत कुमार सोनू को तकनीकी पदाधिकारी नियुक्ति किया गया है। कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड के अध्यक्ष गोपाल ठाकुर ने दोनों को बधाई दी है।

*******समाप्त***********